आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–08 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

कल देश की नई सरकार राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण करेगी । एनडीए संसदीय दल के नेता नरेंद्र मोदी कल लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। आयोजन को देखते हुए राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर–शोर से जारी है। समारोह कल शाम 7 बजकर 15 मिनट पर होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस मौके पर श्री नरेंद्र मोदी के साथ साथ उनके मंत्री परिषद के सदस्यों को भी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी।

श्री मोदी ने कल राष्ट्रपति से मुलाकात कर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया था। इससे पहले, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में एनडीए के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात कर एक पत्र सौंपा जिसमें कहा गया था कि श्री नरेंद्र मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता निर्वाचित किया गया है। एनडीए के घटक दलों की ओर से समर्थन पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपा गया।

उधर, राष्ट्रपति भवन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 75 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त किया है।

****

अयोध्या में कराये गये विकास कार्यों और सौंदर्यीकरण को देखते हुए अयोध्या विकास प्राधिकरण को स्मार्ट अर्बन इनोवेशन अवार्ड दिया गया ह। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि प्राधिकरण को अयोध्या स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर श्रेणी में चयनित कर इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस चयन प्रक्रिया में राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ और लता मंगेशकर चौक पर कराये गये विभिन्न विकास कार्यों और सौंदर्यीकरण के साथ साथ सूर्यकुण्ड पर कराए गये विकास कार्यों को विशेष रूप से शामिल किया गया है।

****

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जुलाई से लागू किये जा रहे नये कानूनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण का हिस्सा बताया है। उनके कार्यालय के एक सोशल मीडिया पोस्ट में उनके हवाले से कहा गया है कि पंच प्रण में एक प्रण गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करना था। इस प्रण को पूरा करने के लिए अंग्रेजों द्वारा बनाये गये इंडियन पीनल कोड–1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड–1898, 1973 और एवीडेंस एक्ट 1872 को समाप्त कर तीन नये स्वदेशी कानून पारित किये गये हैं। नयी व्यवस्था के अनुसार इंडियन पीनल कोड–1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता–2023, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड–1898,1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट–1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम–2023 को एक जुलाई से स्थापित किया जाएगा।

****

असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा शर्मा ने ग्यारह सांसदों के साथ आज अयोध्या पहुंच कर रामलला का दर्शन किया । अयोध्या के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री और उनके साथ आये सांसदों का स्वागत किया । इस मौके पर संवाददाताओं से बात करते हुए मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रभु राम का आशीर्वाद मिला है तो मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने रामलला से प्रार्थना की है कि नरेंद्र मोदी चौथी बार भी देश के प्रधानमंत्री बनें।

****

सूचना और प्रसारण मंत्रालय योग अभ्यास के लाभ के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। मंत्रालय ने कहा कि दूरदर्शन सुबह के विशेष लाइव शो प्रसारित करने के साथ–साथ योग विशेषज्ञों के साथ कार्यक्रम और साक्षात्कार भी प्रसारित करेगा। इस कड़ी में आकाशवाणी, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से योग को जीवन शैली के रूप में बढ़ावा देने और लोगों के समग्र कल्याण के लिए कार्यक्रम प्रसारित करेगा। आयुष मंत्रालय ने एक योग गीत तैयार किया है जिसे सभी मीडिया प्लेटफार्म्स पर साझा किया जा रहा है।

****

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के भीतर हुई अलग अलग दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग घायल हो गये। तीर्थनगरी मथुरा वृंदावन में एक नवनिर्मित शोरूम में शिविर की सफाई कर रहे तीन कर्मचारियों की सीवर टैंक में ही मौत हो गयी। मरने वालों में दो बलिया जिले के निवासी हैं, जबकि तीसरे की पहचान नहीं हो पायी है। हादसे का कारण करंट बताया जा रहा है।

सुल्तानपुर जिले के कोतवाली थानाक्षेत्र के विवेकनगर में एक मकान का छज्जा गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हो गये। घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। वहीं, कौशाम्बी जिले के संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मोहद्दीनपुर गौसपुर में बीती रात मकान का बारजा गिरने से दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है।

उधर, जौनपुर जिले के बक्शा थानाक्षेत्र के वैसपार गांव के पास आज भोर में ट्रेलर की भीषण टक्कर से दो अलग अलग पिक अप से चाऊमीन लाद रहे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी।

****

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में गर्मी की संभावना जतायी है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि गोरखपुर, अयोध्या और वाराणसी समेत पूर्वांचल के विभिन्न जिलों में तापमान चालीस से पैंतालीस डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। अगले दो दिन बाद फिर से तेज लू चल सकती है।

****